Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding sanction of a medical college in Leh.

श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल (लद्दाख): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं । मैं लद्दाख क्षेत्र से आता हूं ।

20.00 hrs

यहां हायर एजुकेशन की स्थिति ठीक नहीं है । इस कारण हमारी कुल तीन लाख पॉपुलेशन में से करीब 40-45 हजार स्टूडेंट्स को बाहर के शहरों में पढ़ने के लिए जाना पड़ता है, जैसे जम्मू, दिल्ली, चण्डीगढ और बेंगलुरु । वहां पर सिर्फ पांच ही डिग्री कॉलेजेज़ हैं । इनमें आर्ट्स स्ट्रीम के कुछ सब्जेक्ट्स ही एवेलेबल हैं । मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रोफेशनल कोर्सेज़ न होने की वजह से हमारे 40-45 हजार स्टूडेंट्स को बाहर पढ़ने जाना पड़ता है । यह बात माननीय प्रधान मंत्री जी की जानकारी में है । मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का आभारी हूं, क्योंकि माननीय प्रधान मंत्री की 19 मई, 2018 को जब लेह विजिट हुई थी, तब उन्होंने स्वयं पब्लिक स्पीच में यह घोषणा की थी कि लेह में एक मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा । इसके लिए हमने लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल की ओर से 200 कनाल जमीन ईयरमार्क कर रखी है । मेरा आपके माध्यम से हेल्थ मिनिस्टर साहब से आग्रह है कि माननीय प्रधान मंत्री जी का लोगों को किया हुआ वादा स्वास्थ्य मंत्रालय पूरा करे और लेह को जल्दी से जल्दी एक मेडिकल कॉलेज की सैंक्शन दी जाए ।